9th Standard Mid Term Examination - Sep/Oct - 2019

Time : 3.00 hrs. Subject - **HINDI** **Marks : 90**

I. निम्न लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के लिए चार-चार उत्तर दिए गए हैं ; उनमें से सही उत्तर चुनकर लिखिए । 1X9=9

01. ' थाली ' शब्द का अन्य वचन रूप है :________________

A. थालियाँ B. थाली C. तालियों D. तालियों में

02. ' बालक ' शब्द का अन्य लिंग रूप है :________________

A. लडका B. बालिका C. महिला D. औरत

03. ' पेड़ ' शब्द का समानार्थक रूप है :________________

A. डाल B. फूल C. फल D. वृक्ष

04. ' ऊपर ' शब्द का विलोम रूप है :________________

A. सुंदर B. नीचे C. आगे D. पीछे

05. ' पानी पिलाना ' इस मुहावरें का अर्थ है :________________

A. अटल रहना B. सबक सिखाना C. बुरा होना D. हार जाना

06. "मेज पर किताब है।" इस वाक्य में प्रयुक्त कारक चिन्ह है :________________

A. कर्म कारक B. संबंध कारक C. अधिकरण कारक D. संप्रदान कारक

07. " समयाभाव " शब्द इस संधि का उदाहरण है :________________

A. गुण संधि B. व्यंजन संधि C. अयादि संधि D. दीर्घ संधि

08. इनमें से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है :________________

A. कराना B. करना C. कर D. करवाना

09. तुम्हारा नाम क्या है ? इस वाक्य में प्रयुक्त विराम चिन्ह है :____________

A. अल्पविराम B. पूर्ण विराम C. प्रश्न वाचक D. विस्मयादि बोधक

II. प्रथम दो शब्दों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द से संबंधित अनुरूप शब्द लिखिए । 4X1=4

10. भीम और राक्षस : विष्णु प्रभाकर : : गुलाब सिंह :-------------
11. राजस्थान : रेत का प्रदेश : : मेघालय :--------------------
12. सागर : विशाल : : हिमालय :--------------
13. लाल रंग : रुकना : : हरा रंग :-------------------

III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक वाक्य में लिखिए । 4X1=4

14. शहर में क्यों आतंक छा गया ?
15. स्वामी विवेकानंद शिकागो नगर क्यों गए थे ?
16. " पर्यावरण बचाओ " पद्य के अनुसार जीव कब तक जगत में रह सकता है ?
17. जीव-जगत के मित्र कौन-कौन हैं ?

IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्य में लिखिए । 13X2=26

18. बहन अपने भाई को कैसे विदा करती है ?
19. विवेकानंद की रुचि किन-किन विषयों में थी ?
20. विवेकानंद ने भारतवासियों को क्या उपदेश दिए ?
21. मौसी बच्चों को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाती थी?
22. कोठरी में रही मौसी की हालत कैसी थी ?
23. माइती बाजार के बारे में लिखिए।
24. बकासुर क्या काम करता था और उसके बदले में वह क्या-क्या लेता था ?
25. ब्राह्मण के दु:ख का कारण क्या था ?

26. चौराहों पर दिए गए संकेतों के बारे में लिखिए ।

27. दुर्घटना से बचने के उपाय कौन-कौन से हैं ?

28. परिसर की रक्षा के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?

29. कल्पना के बचपन की आकांक्षा क्या थी ? अथवा कल्पना की शिक्षा के बारे में लिखिए ।

30. प्रतिभागियों ने लड़के की मदद कैसे की ? अथवा सभी प्रतिभागी एक साथ विजय क्यों हुए ?

V. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार या पाँच वाक्य में लिखिए । 8X3=24

31. 'गुलाब सिंह' पाठ से हमें क्या सीख मिलती है ?

32. विवेकानंद ने जनता को ललकार कर क्या कहने को कहा ?

33. मेघालय के तीन पर्वतीय आँचलों के बारे में लिखिए ।

34. भीम ने बकासुर का वध कैसे किया ?

35. कवि मैथिलीशरण गुप्त जी 'भारत माता' का गुणगान करते हुए क्या कहा है ?

36. संचार नियमों का पालन क्यों करना चाहिए ?

37. निम्न पद्य भाग का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए।

एक वृक्ष यदि कट जाए तो, ग्यारह वृक्ष लगाओ ।
एक वृक्ष हम नित रोपेंगे, आज शपथ यह खाओ ।
आज समय की माँग यही है, पर्यावरण बचाओ ।

38. निम्न लिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए ।

तुम मुझे जाने दो। बच्चे तो अब बड़े हो गये हैं । उन्हें संभालने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच या छः वाक्य में लिखिए । 2X4=8

39. मौसी की निस्वार्थ सेवा एवं परोपकार के बारे में लिखिए ।

40. निम्न लिखित पद्य भाग पूर्ण कीजिए। जय जय ----------------------------- भारत माता

VII. 41. गद्यांश पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 1X5=5

भारत में नारी का स्थान पूजनीय है। इसलिए प्राचीन काल में यहाँ नारी के प्रति श्रद्धा एवं भक्ति की भावना थी । पुरुष के जीवन में वह माता के रूप में, बहन के रूप में तथा पत्नी के रूप में अपना योगदान देती है। नारी के बिना पुरुष का जीवन अधूरा माना जाता है । कहा गया है "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः" अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहाँ भगवान का निवास होता है।

१) भारत में नारी का स्थान क्या है ?

२) प्राचीन काल में नारी के प्रति कौन-सी भावना थी ?

३) नारी पुरुष के जीवन में किन-किन रूपों में योगदान देती है ?

४) शास्त्रों में नारी के संबंध में क्या कहा गया है ?

५) किसके बिना पुरुष का जीवन अधूरा माना जाता है ?

VIII.42.दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर दस-पंद्रह वाक्यों का एक निबंध लिखिए ।(किसी एक विषय पर) 1X5=5

क) पुस्तकों का महत्व ।
*. विषय प्रवेश
*. लाभ व महत्व
*. उपसंहार

ख) पर्यावरण प्रदूषण ।
*. विषय प्रवेश
*. प्रदूषण के भेद
*. निवारण के उपाय
*. उपसंहार

ग) वन महोत्सव।
*. प्रस्तावना
*. वृक्षों का महत्व
*. संरक्षण के उपाय
*. उपसंहार

IX. 43. चार दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर एक प्रार्थना पत्र लिखिए । अथवा

शैक्षिक यात्रा के 2000 रुपए भेजने के लिए अपने पिताजी को पत्र लिखिए । 1X5=5